भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4067 का उत्तर

तमिलनाडु में वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी

4067. श्री मलैयारासन डी.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देशभर में वर्तमान में संचालित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल संख्या और विशेषकर तमिलनाडु के कल्लकुरिची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और अन्य दक्षिणी राज्यों को कवर करने वाली ट्रेनों का मार्ग-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त सेवाओं को शुरू करने में यात्री मांग, क्षेत्रीय संपर्क और यात्रा समय में कमी को किस प्रकार ध्यान में रखा गया है और मार्गों के चयन के लिए अपनाए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की शुरुआत के बाद से उनके अधिभोग स्तर, समय की पाबंदी, वहन क्षमता और यात्री प्रतिक्रिया का कोई मूल्यांकन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले पाँच वर्षों के दौरान वंदे भारत ट्रेन सेट के निर्माण, उन्नयन और रखरखाव के लिए आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या तमिलनाडु में, विशेषकर टियर-2 और टियर-3 शहरों को जोड़ने वाली नई वंदे भारत सेवाएं शुरू करने या मौजूदा मार्गों का विस्तार करने के कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): चूंकि रेल नेटवर्क राज्यों/निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार, ऐसी सीमाओं के आर-पार रेलगाड़ियां शुरू की जाती हैं।

वर्तमान में, चिन्न सेलम स्टेशन कल्लाकुरीची निर्वाचन क्षेत्र को सेवित करने वाला एक प्रमुख स्टेशन है, जो नीचे सूचीबद्ध 12 रेलगाड़ियों द्वारा सेवित है:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	16529 एसएमवीटी बेंगलुरु - कारैक्काल एक्सप्रेस
2	16530 कारैक्काल - एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस
3	16573 यशवंतपुर - पुद्दुचेरी एक्सप्रेस
4	16574 पुद्दुचेरी - यशवंतपुर एक्सप्रेस
5	16855 पुद्दुचेरी - मंगलूरु सेंट्रल एक्सप्रेस
6	16856 मंगलूरु सेंट्रल - पुद्दुचेरी एक्सप्रेस
7	22153 चेन्नै एषुबूर - सेलम एक्सप्रेस
8	22154 सेलम - चेन्नै एषुबूर एक्सप्रेस
9	76813 कडलूर पोर्ट - सेलम डेमू
10	76814 सलेम - कडलूर पोर्ट डेमू
11	76815 वृद्धाचलम - सेलम डेमू
12	76816 सेलम - वृद्धाचलम डेमू

इसके अलावा, भारतीय रेल ने यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आधुनिक सवारी डिब्बे, उन्नत संरक्षा विशेषताएं और यात्री सुविधाओं के साथ स्वदेशी रूप से डिजाइन और विनिर्मित वंदे भारत गाड़ियां (कुर्सी यान और स्लीपर) शुरू की हैं।

वंदे भारत सेवाएं (कुर्सी यान):

वंदे भारत कुर्सी यान सेवाओं में निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

- झटका मुक्त सेमी परमामेंट कपलर।
- कवच से सुसज्जित।

- केंद्रीकृत रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे
- सभी सवारी डिब्बों में आपातकालीन अलार्म पुश बटन और टॉक बैक इकाईयां
- बेहतर अग्नि संरक्षा-विद्युत कैबिनेटों और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन और शमन प्रणाली।
- 180/160 कि.मी. प्रति घंटे की डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्चतर त्वरण।
- वॉइस रिकॉर्डिंग सुविधा और क्रैश हार्डन्ड मेमोरी के साथ चालक-गार्ड संप्रेषण।
- यात्री क्षेत्र के भीतर स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए अनुकूलित हवा से 99% हानिकारक बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए, एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली मुहैया कराई गई है।
- बेहतर आरामदायक यात्रा।
- सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी।
- दिव्यांग यात्रियों के लिए ड्राइविंग कोच में दोनों तरफ विशेष शौचालय।
- दूरस्थ निगरानी के लिए कोच कंडीशन निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस)।

06.08.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 81 जोड़ी वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएं (कुर्सी यान) परिचालित की जा रही हैं:-

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	22435/22436 वाराणसी - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
2	22439/22440 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20901/20902 मुंबई सेंट्रल - गांधीनगर कैपिटल वंदे भारत एक्सप्रेस
4	22447/22448 नई दिल्ली - अंब अंदौरा वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20607/20608 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - मैसूरू वंदे भारत एक्सप्रेस
6	20825/20826 बिलासपुर - नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
7	22301/22302 हावड़ा - न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस
8	20833/20834 विशाखपट्टणम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
9	22223/22224 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) - साईनगर शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस
10	22225/22226 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) - सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
11	20171/20172 रानी कमलापति - निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
12	20701/20702 सिकंदराबाद - तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस

13	20643/20644 चेन्नै - कोयंबत्तूर वंदे भारत एक्सप्रेस
14	20977/20978 अजमेर - चंडीगढ़ वंदे भारत एक्सप्रेस
15	20633/20634 कासरगोड - तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस
16	22895/22896 हावड़ा - पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस
17	22457/22458 आनंद विहार - देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस
18	22227/22228 न्यू जलपाईगुड़ी - गुवाहाटी वंदे भारत एक्सप्रेस
19	20911/20912 इंदौर - नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
20	22229/22230 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) - मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस
21	22349/22350 पटना - रांची वंदे भारत एक्सप्रेस
22	20661/20662 बेंगलुरु - धारवाड़ वंदे भारत एक्सप्रेस
23	20173/20174 रानी कमलापति - रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस
24	22549/22550 गोरखपुर - प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस
25	12461/12462 जोधपुर - साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेस
26	22925/22926 अहमदाबाद - ओखा वंदे भारत एक्सप्रेस
27	20665/20666 चेन्नै एषुबूर - तिरुनेलवेली वंदे भारत एक्सप्रेस
28	20677/20678 चेन्नै - नरसापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
29	20703/20704 काचीगुडा - यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
30	20631/20632 मंगलूरु - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
31	26963/26964 उदयपुर - असारवा वंदे भारत एक्सप्रेस
32	22347/22348 हावड़ा - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
33	20835/20836 राउरकेला - पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस
34	20897/20898 हावड़ा - रांची वंदे भारत एक्सप्रेस
35	22415/22416 वाराणसी - नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
36	20641/20642 बेंगलुरु कैंट - कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस
37	20645/20646 मडगांव - मंगलूरु वंदे भारत एक्सप्रेस
38	20705/20706 नांदेड़ - छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
39	22477/22478 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
40	22425/22426 अयोध्या कैंट - आनंद विहार (टी) वंदे भारत एक्सप्रेस
41	22487/22488 दिल्ली - अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस
42	22961/22962 मुंबई सेंट्रल - अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस

43	20707/20708 सिकंदराबाद - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
44	20663/20664 मैसूरु - चेन्नै वंदे भारत एक्सप्रेस
45	22233/22234 न्यू जलपाईगुड़ी - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
46	22469/22470 खजुराहो - निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस
47	22231/22232 कलबुर्गी - बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
48	20841/20842 भुवनेश्वर - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
49	22345/22346 पटना - गोमती नगर वंदे भारत एक्सप्रेस
50	20887/20888 रांची - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
51	22545/22546 लखनऊ - देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस
52	22489/22490 वाराणसी - मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस
53	20627/20628 चेन्नै एषुबूर - नागरकोविल वंदे भारत एक्सप्रेस
54	20671/20672 मदुरै - बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
55	22499/22500 देवघर - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस
56	22309/22310 हावड़ा - जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
57	20871/20872 हावड़ा - राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस
58	20893/20894 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
59	20891/20892 टाटानगर - ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
60	22303/22304 हावड़ा - गया वंदे भारत एक्सप्रेस
61	20669/20670 हुब्बल्लि - पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस
62	20673/20674 छत्रपति शाहू महाराज (टी) कोल्हापुर - पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस
63	20101/20102 सिकंदराबाद - नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
64	20829/20830 दुर्ग - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
65	21893/21894 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
66	21895/21896 टाटानगर - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस
67	20175/20176 बनारस - आगरा कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
68	26901/26902 साबरमती - वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस
69	26401/26402 जम्मू तवी - श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
70	26403/26404 जम्मू तवी - श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
71	26501/26502 पाटलिपुत्र - गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
72	26751/26752 बेलगावि - केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस

73	26405/26406 अमृतसर - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
74	26101/26102 पुणे - अजनी वंदे भारत एक्सप्रेस
75	26301/26302 जोगबनी - दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
76	26481/26482 जोधपुर - दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
77	26471/26472 बीकानेर - दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
78	26461/26462 दिल्ली - फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
79	26651/26652 केएसआर बेंगलुरु - एरणाकुलम वंदे भारत एक्सप्रेस
80	26505/26506 खजुराहो - बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस
81	26503/26504 सहारनपुर - गोमतीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस

वंदे भारत सेवाएं (शयनयान रेलगाड़ियां):

लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के शयनयान संस्करण को स्वदेश में डिजाइन और विनिर्मित किया गया है। इनका उद्देश्य यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना और सुरक्षित व आरामदायक यात्रा के लिए नए मानक स्थापित करना है। ऐसी दो रेलगाड़ियों का विनिर्माण पहले ही किया जा चुका है। गहन परीक्षणों के बाद, इन रेलगाड़ियों को भारतीय रेल में शुरू किया गया है। 22.01.2026 से पहली वंदे भारत स्लीपर सेवा अर्थात् 27575/27576 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का नियमित परिचालन शुरू कर दिया गया है।

इन रेलगाड़ियों में आधुनिक सवारी डिब्बे लगाए गए हैं जिनमें उन्नत संरक्षा विशेषताएँ और यात्री सुविधाएं उपलब्ध हैं, जैसे:

- **झटका मुक्त सेमी परमानेंट कपलर और एंटी क्लाइम्बर्स।**
- **कवच से सुसज्जित।**
- **180/160 कि.मी. प्रति घंटे की डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्च त्वरण।**
- **ईएन मानकों के अनुरूप कार बॉडी का क्रैशवर्थी डिजाइन।**
- **अग्नि संरक्षा मानकों के अनुपालन के लिए प्रत्येक सवारी डिब्बे के अंत में अग्नि अवरोधक दरवाजे।**

- **विद्युत कैबिनेट और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन एवं शमन प्रणाली।**
- **ऊर्जा दक्षता के लिए पुनरूत्पादक ब्रेकिंग प्रणाली।**
- **यात्री क्षेत्र के भीतर स्वास्थ्यकर मानकों में सुधार लाने के लिए अनुकूलित हवा से 99% हानिकारक बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने के लिए, एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली लगाई गई है।**
- **केंद्रीकृत रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे।**
- **सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे।**
- **आपातकालीन स्थिति में यात्री और गाड़ी प्रबंधक/लोको पायलट के बीच संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉक-बैक इकाई।**
- **दिव्यांगजन यात्रियों के लिए प्रत्येक छोर पर ड्राइविंग कोच में विशेष शौचालय।**
- **यात्री सुविधाओं जैसे वातानुकूलन, सैलून प्रकाश व्यवस्था आदि की बेहतर स्थिति की निगरानी के लिए केंद्रीकृत सवारी डिब्बा निगरानी प्रणाली।**
- **ऊपरी शायिकों पर सुगमतापूर्वक चढ़ने के लिए एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन की गई सीढ़ी।**

06.08.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर निम्नलिखित 01 जोड़ी वंदे भारत गाड़ी सेवाएं (शयनयान) परिचालित की जा रही हैं:

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	27575/27576 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस

भारतीय रेल नेटवर्क पर वर्तमान में, परिचालित वंदे भारत गाड़ी सेवाओं (कुर्सी यान) की उपरोक्त 81 जोड़ियों में से, तमिलनाडु, केरलम और कर्नाटक राज्यों को क्रमशः 09 , 03, 12 जोड़ी वंदे भारत गाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है।

इसी प्रकार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों को वर्तमान में क्रमशः 08 जोड़ी और 05 जोड़ी वंदे भारत गाड़ियों से सेवित किया जा रहा है। ये नीचे सूचीबद्ध हैं:

तमिलनाडु राज्य को सेवित करने वाली वंदे भारत गाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	20607/20608 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - मैसूरु वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20627/20628 चेन्नै एषुबूर - नागरकोविल वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20641/20642 बेंगलुरु कैंट - कोयंबत्तूर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	20643/20644 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - कोयंबत्तूर वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20663/20664 मैसूर - एमजीआर चेन्नै सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
6	20665/20666 चेन्नै एषुबूर - तिरुनेलवेली वंदे भारत एक्सप्रेस
7	20671/20672 मदुरै - बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
8	20677/20678 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - नरसापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
9	26651/26652 केएसआर बेंगलुरु - एरणाकुलम जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस

केरलम राज्य को सेवित करने वाली वंदे भारत गाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	20631/20632 मंगलूरु सेंट्रल - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20633/20634 कासरगोड - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
3	26651/26652 केएसआर बेंगलुरु - एरणाकुलम जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस

कर्नाटक राज्य को सेवित करने वाली वंदे भारत गाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	20607/20608 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - मैसूरु वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20631/20632 मंगलूरु सेंट्रल - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20641/20642 बेंगलुरु कैंट - कोयंबत्तूर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	20645/20646 मडगांव - मंगलुरु सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20661/20662 केएसआर बेंगलुरु - धारवाड़ वंदे भारत एक्सप्रेस
6	20663/20664 मैसूर - एमजीआर चेन्नै सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
7	20669/20670 हुब्बल्लि - पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस
8	20671/20672 मदुरै - बेंगलुरु कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस
9	20703/20704 काचीगुडा - यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
10	22231/22232 कलबुर्गी - एसएमवीटी बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
11	26651/26652 केएसआर बेंगलुरु - एरणाकुलम जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस
12	26751/26752 बेलगावी - केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस

आंध्र प्रदेश को सेवित करने वाली वंदे भारत गाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	20677/20678 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - नरसापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20701/20702 सिकंदराबाद - तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20703/20704 काचीगुडा - यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	20707/20708 सिकंदराबाद - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20829/20830 दुर्ग - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
6	20833/20834 विशाखपट्टणम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस

7	20841/20842 भुवनेश्वर - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस
8	22231/22232 कलबुर्गी - एसएमवीटी बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस

तेलंगाना राज्य को सेवित करने वाली वंदे भारत गाड़ियां:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	20101/20102 नागपुर - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20701/20702 सिकंदराबाद - तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20703/20704 काचीगुडा - यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	20707/20708 सिकंदराबाद - विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20833/20834 विशाखपट्टणम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस

इसके अलावा, किसी भी मार्गों/खंडों पर वंदे भारत गाड़ी सेवाएँ और इसके संस्करण सहित रेलगाड़ी शुरू करना/विस्तार करना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- संबंधित रेलखंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- आवश्यक चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता
- रेलखंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता।

समयपालन:

भारतीय रेल में समयपालन को उच्च प्राथमिकता प्रदान की जाती है और रेलगाड़ियों को समय पर चलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। बहरहाल, भारतीय रेल में समयपालन को कई कारक प्रभावित करते हैं जिनमें कोहरे का मौसम, पथ संबंधी तंगियां/संकुलन, परिसंपत्तियों का

अनुरक्षण एवं अन्य मुद्दे, अलार्म चेन खींचना, आंदोलन, मवेशियों का कुचला जाना और अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियां शामिल हैं।

गाड़ी सेवाओं के समयपालन में सुधार लाने के लिए उठाए गए कदमों में शामिल हैं:

- प्रौद्योगिकीय उपकरण और सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों का प्रयोग कर रेलगाड़ियों के समयपालन की नियमित, सतत् और तत्समय निगरानी सुनिश्चित करना।
- गाड़ी परिचालन की निगरानी के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग जिसमें एकीकृत कोच प्रबंधन प्रणाली (आईसीएमएस) और नियंत्रण कार्यालय अनुप्रयोग (सीओए) शामिल हैं, जो राष्ट्रीय गाड़ी पूछताछ प्रणाली (एनटीईएस) के साथ एकीकृत हैं।
- जीपीएस उपकरणों से सुसज्जित रेलइंजनों {तत्समय रेलगाड़ी सूचना प्रणाली (आरटीआईएस) और रेलइंजनों तथा गाड़ियों की दूरस्थ निगरानी और प्रबंधन (आरईएमएमएलओटी)} तथा स्टेशन सिगनल प्रणाली के साथ एकीकृत डाटा लॉगर्स के माध्यम से गाड़ियों के संचलन द्वारा समय को स्वतः ग्रहण करने के लिए उत्तरोत्तर प्रगति की जा रही है।
- भारतीय रेल पारंपरिक सवारी डिब्बों (सडिका सवारी डिब्बों) को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी वाले आधुनिक हल्के भार वाले एलएचबी सवारी डिब्बों से प्रतिस्थापित कर रही है। भारतीय रेल की उत्पादन इकाइयां अप्रैल 2018 से केवल एलएचबी सवारी डिब्बों का उत्पादन कर रही हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान एलएचबी सवारी डिब्बों के उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है और 2014 से लगभग 50,000 एलएचबी सवारी डिब्बों का विनिर्माण किया गया है। भारतीय रेल शीघ्र त्वरण और मंदन वाली वंदे भारत, नमो भारत रैपिड रेल और अमृत भारत गाड़ियों का भी प्रसार कर रही है।
- समयपालन में सुधार लाने के लिए, भारतीय रेल समय-सारणी को युक्तिसंगत बनाने का कार्य भी करती है। ऐसी ही एक प्रक्रिया, वैज्ञानिक तरीके से, आईआईटी-मुंबई की सहायता से उनके ट्रैफिक सिम्युलेटर का उपयोग करके शुरू की गई थी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य रुकौनी को कम करने और समयपालन में सुधार लाने के लिए सभी खंडों पर निश्चित एकीकृत अनुरक्षण ब्लॉकों का प्रावधान करना भी था।
- गाड़ियों को उचित विद्युत शक्ति प्रदान करने के लिए नई पीढ़ी के उच्च क्षमता वाले रेलइंजनों का उपयोग किया जा रहा है।

- **इसके अलावा, कोहरे के प्रभाव को कम और समाप्त करने और कोहरे के मौसम की स्थिति में लोको पायलटों को गाड़ी चलाने में सहायता करने के लिए भारतीय रेल द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:**

(i) जीपीएस आधारित फॉग सेफ डिवाइस- लोको पायलटों को ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) आधारित पोर्टेबल 'फॉग सेफ डिवाइस' (एफएसडी) प्रदान किया जा रहा है, जो कोहरे जैसी खराब दृश्यता परिस्थितियों के दौरान सामने आने वाले महत्वपूर्ण थल चिह्नों जैसे सिगनल, समपार फाटकों, स्थायी गति प्रतिबंधों आदि की सूचना अग्रिम रूप से प्रदर्शित करता है। इस डिवाइस का उपयोग विशेष रूप से शीत ऋतु के दौरान सुरक्षित रेलगाड़ी परिचालन के लिए किया जाता है और खराब दृश्यता की परिस्थितियों में चालन के दौरान लोको पायलटों पर तनाव को कम करने में सहायता करता है। 31.05.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में 33,624 फॉग सेफ डिवाइस उपलब्ध हैं।

(ii) परिष्कृत सेमी-ऑटोमैटिक स्टॉप सिगनल (एमएएसएस) प्रणाली: दृश्यता में बाधक कोहरे और खराब मौसम जैसी असामान्य परिस्थितियों के दौरान स्वचालित सिगनल वाले क्षेत्र में एमएएसएस प्रणाली शुरू की गई है। यह प्रणाली कोहरे के मौसम की परिस्थितियों के दौरान रेलगाड़ी परिचालन में होने वाली देरी को कम करने में सहायता करती है।

कोहरे और खराब दृश्यता की परिस्थितियों में रेलगाड़ी परिचालन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य घटक है तथा यह लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों के लिए निर्धारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के परिवहन मॉड्यूल और तकनीकी मॉड्यूल में पहले से ही शामिल है।

- **सिगनलिंग अवसंरचना का अधुनिकीकरण: भारतीय रेल संवर्धित विश्वसनीयता और संरक्षा के लिए सिगनलिंग अवसंरचना का आधुनिकीकरण कर रहा है। यह पर्याप्त अतिरेक (बिजली आपूर्ति और ट्रांसमिशन मीडिया में) के साथ इलेक्ट्रॉनिक अंतर्पाशन प्रणालियों, रेलगाड़ी वाहन सत्यापन और इलेक्ट्रोमैकेनिकल प्रतिष्ठानों के प्रतिस्थापन के लिए दोहरी पहचान प्रणालियों के प्रावधान द्वारा विश्वसनीय डिजिटल तकनीक का उपयोग कर रहा है। कई सुधारात्मक उपाय किए गए हैं जैसे कि:**

क. पुरानी यांत्रिक सिगनल प्रणाली के स्थान पर पॉइंटों और सिगनलों के केंद्रीकृत संचालन के साथ इलैक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणालियों का प्रावधान। दिनांक 30.06.2026 तक इसे 6671 स्टेशनों पर प्रदान किया गया है।

ख. संरक्षा में बढ़ोतरी करने के लिए दिनांक 30.06.2026 तक 6,671 स्टेशनों पर विद्युत साधनों के माध्यम से रेलपथ अधिभोगिता के सत्यापन द्वारा रेलवे स्टेशनों के पूर्ण रेलपथ परिपथन की व्यवस्था की गई है।

ग. ब्लॉक खंड के स्वचालित क्लीयरेंस के लिए एक्सल काउंटर, बीपीएसी (ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर) लगाए गए हैं ताकि अगली गाड़ी के लिए लाइन क्लीयरेंस देने से पहले बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के गाड़ी का पूर्ण आगमन सुनिश्चित किया जा सके और मानवीय हस्तक्षेप को कम किया जा सके। दिनांक 30.06.2026 तक 6085 ब्लॉक खंडों पर ये प्रणालियाँ मुहैया कराई गई हैं।

घ. भारतीय रेल (चालित लाइन) साधारण नियम में दिनांक 30.11.2023 की राजपत्र अधिसूचना के तहत रोलिंग ब्लॉक के दौरान सिगनलिंग परिसंपत्तियों के रखरखाव की योजना बनाई गई है और इसे क्रियान्वित किया गया है, जिसमें परिसंपत्तियों के एकीकृत अनुरक्षण/मरम्मत/प्रतिस्थापन के कार्य को रोलिंग आधार पर पहले से ही नियोजित किया जाता है।

- क्षमता संवर्धन और अवसंरचना संवर्धन:

पिछले 12 वर्षों के दौरान भारतीय रेल द्वारा रेल नेटवर्क की क्षमता संवर्धन का कार्य बड़े पैमाने पर शुरू किया गया है। भारतीय रेल में नई रेल लाइन की कमीशनिंग/बिछाए जाने का विवरण निम्नानुसार है:

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथ की औसत कमीशनिंग
2009-14	7,599 कि.मी.	4.2 कि.मी./दिन
2014-26	36,429 कि.मी.	8.32 कि.मी./दिन (लगभग 2 गुना)

01.04.2026 की स्थिति के अनुसार, समग्र भारतीय रेल में लगभग 8.31 लाख करोड़ रुपए की लागत से कुल 40,000 कि.मी. लंबी 514 रेल अवसंरचना परियोजनाओं (169 नई रेल लाइन, 29 आमान परिवर्तन तथा 316 दोहरीकरण) को स्वीकृति दी गई है। सारांश निम्नानुसार है:-

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई नई लाइन/आमान परिवर्तन/दोहरीकरण (कि.मी.)	मार्च, 2026 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी.)	मार्च, 2026 तक कुल व्यय (करोड़ रुपए में)
नई लाइनें	169	16,634	3,361	1,57,572
आमान परिवर्तन	29	3987	3,045	24,227
दोहरीकरण	316	19,379	6,177	1,23,454
कुल	514	40,000	12,583	3,05,253

इन पहलों के कारण, भारतीय रेल ने 2025-26 के दौरान 77% से अधिक की समग्र समयपालनता दर्ज की, जबकि वंदे भारत सेवाओं की समयपालनता 85% से अधिक थी।

किफायती:

भारतीय रेल विभिन्न यात्री वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करती है और तदनुसार, उपनगरीय/अनुपनगरीय सामान्य रेलगाड़ी सेवाओं, मेल/एक्सप्रेस, अमृत भारत, वंदे भारत, वंदे भारत स्लीपर, नमो भारत रैपिड रेल, तेजस, हमसफर, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो और गरीब रथ सेवाओं आदि जैसी विभिन्न प्रकार की रेलगाड़ी सेवाएं परिचालित करती है।

रेल मंत्रालय विभिन्न प्रकार की यात्री सेवाओं की किराया संरचना का निर्धारण करते समय सेवाओं की लागत, सेवाओं का मूल्य, प्रदत्त सेवाओं/सुविधाओं के प्रकार, वहनीयता, अन्य प्रतिस्पर्धी माध्यमों से प्रतिस्पर्धा और सामाजिक-आर्थिक महत्व आदि पर यथोचित विचार किया जाता है।

फरवरी 2019 में वंदे भारत सेवाओं की शुरुआत होने के बाद से, जुलाई 2026 तक इनका विस्तार 81 मार्गों (162 रेलगाड़ी कुर्सी यान सेवाओं) पर हो चुका है।

वंदे भारत रेलगाड़ियाँ एक विशिष्ट यात्री सेवा के रूप में परिचालित होती हैं, जिनकी अपनी विशेष किराया संरचना है तथा इनमें उन्नत सस्पेंशन प्रणाली, अर्ध-उच्च गति परिचालन के साथ

तीव्र त्वरण, स्वचालित प्लग दरवाजे, एर्गोनॉमिक सीटें, मिनी पेंट्री, सीसीटीवी, कवच आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

भारतीय रेल का किराया विश्व के अन्य देशों की तुलना में सबसे कम किरायों में से एक है।

पड़ोसी देशों की समान श्रेणी की सेवाओं के किराए के साथ भारतीय रेल के यात्री किराए (साधारण श्रेणी) की तुलना निम्नानुसार है:

देश	प्रति यात्री किलोमीटर का लगभग न्यूनतम किराया	भारत की तुलना में
भारत	लगभग ₹ 0.20	-
पाकिस्तान	लगभग ₹ 0.54	लगभग 2.5 गुना अधिक
बांग्लादेश	लगभग ₹ 0.37	लगभग 2 गुना अधिक
श्रीलंका	लगभग₹ 0.51	लगभग 2.5 गुना अधिक

किफायती दर को ध्यान में रखते हुए, 300 किमी से 400 कि.मी. के बीच की यात्रा के लिए वातानुकूलित चेयर कार हेतु वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाओं की किराया संरचना लगभग 2.19 रुपए प्रति यात्री किलोमीटर है, जो चीन, जापान और फ्रांस जैसे देशों में समान श्रेणी की सेवाओं के किराए जहां यह 7.00 रुपए से 20.00 रुपए प्रति यात्री किलोमीटर के बीच है, से काफी कम है।

युक्तिसंगत किराया संरचना ने देश भर में इन सेवाओं के व्यापक विस्तार को सुगम बनाया है, जो इन सेवाओं की प्रबल यात्री मांग को दर्शाता है। सभी प्रमुख मार्गों पर वंदे भारत सेवाओं का अधिभोगिता स्तर उच्च है तथा वंदे भारत की अधिभोगिता लगभग 100% है जो यात्री वरीयता में परिवर्तन को दर्शाता है।

भारतीय रेल प्रतिवर्ष लगभग 760 करोड़ यात्रियों को किफायती परिवहन सेवा प्रदान करती है। भारतीय रेल की किराया संरचना सामाजिक-आर्थिक कारकों पर विचार करने के साथ-साथ विश्व की विभिन्न रेल प्रणालियों द्वारा अपनाई गई संबंधित सर्वोत्तम पद्धतियों के भी अनुरूप है।

वित्त वर्ष 2024-25 में यात्री टिकटों पर दी गई कुल सब्सिडी की राशि अनंतिम रूप से 60,239 करोड़ रुपए आंकी गई है, यह रेल में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का औसतन 43 प्रतिशत है। अन्य शब्दों में, यदि सेवाएं प्रदान करने की लागत 100 रुपए है तो टिकट का मूल्य केवल 57 रुपए है। वंदे भारत रेलगाड़ियों में किराए में कोई रियायत नहीं है, बहरहाल प्रत्येक रेलगाड़ी सेवा की कुर्सीयान में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित कोटे के रूप में चार सीटें निर्धारित हैं।

वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ियों के शुरू होने के बाद से इनकी औसत समग्र अधिभोगिता लगभग 100% है।

वंदे भारत गाड़ियों से संबंधित अवसंरचना पर व्यय रेलवे के समग्र अनुरक्षण और उन्नयन कार्यों पर किए गए व्यय का हिस्सा है और यह राजस्व तथा पूंजी खंड दोनों के अंतर्गत उपगत किया जाता है।

*****